# बी. एड. कार्यक्रम हेतु नियत कार्य

प्रथम वर्ष

(2023–24)

शिक्षा विद्यापीठ

इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय

मैदान गढ़ी, नई दिल्ली–110068

## नियत कार्य

## बी. एड. कार्यक्रम प्रथम वर्ष (जनवरी 2023)

## शिक्षा विद्यापीठ

## इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय

## मैदान गढ़ी, नई दिल्ली–110068

निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर (प्रत्येक लगभग 500 शब्दों में) दीजिए।

सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

### बी.ई.एस.–121 : बाल्यावस्था एवं विकास

1. मानव विकास में चार प्रमुख मुद्दों की परिचर्चा कीजिए।
2. संचार प्रौद्योगिकियाँ सामाजिकता के विभिन्न रूपों का किस प्रकार ध्यान रखती हैं ? उदाहरण सहित परिचर्चा कीजिए।
3. एक माध्यमिक शिक्षक के रूप में आप कक्षाकक्ष में अपने विद्यार्थियों की व्यवहारपरक समस्याओं का पता किस प्रकार लगायेंगे ?

### बी.ई.एस.–122 : समकालीन भारत और शिक्षा

1. शैक्षिक नीतियों के क्रियान्वयन की ओर ले जाने वाले कारकों का समीक्षात्मक विश्लेषण कीजिए।

2. शिक्षा के वैयक्तिक, सामाजिक और राष्ट्रीय उद्देश्यों की सोदाहरण व्याख्या कीजिए। वैश्वीकरण के सन्दर्भ में शिक्षा के उद्देश्य किस प्रकार परिवर्तित हो रहे हैं ? व्याख्या कीजिए।

3. माध्यमिक शिक्षा पर विभिन्न शैक्षिक विषय क्षेत्रों में राष्ट्रीय पाठ्यचर्या ढाँचा (एन.सी.एफ., 2005) के सरोकारों का विश्लेषण कीजिए।

**बी.ई.एस.–123 : अधिगम और शिक्षण**

1. अभिक्षमता (एप्टीट्यूड) क्या है? यह अभिवृत्ति (एटीट्यूड) से किस प्रकार भिन्न है ? अभिक्षमता के विविध घटकों की उपयुक्त उदाहरणों द्वारा परिचर्चा कीजिए।

2. अधिगम अन्तरण (ट्रान्सफर ऑफ लर्निंग) का क्या अर्थहै ? इसके विविध प्रकारों और शिक्षण अधिगम प्रक्रिया के लिए इसके निहितार्थों की परिचर्चा कीजिए।

3. क्रियात्मक अनुसन्धान से आप क्या समझते हैं ? एक समस्या की पहचान कीजिए और एक क्रियात्मक अनुसन्धान प्रस्ताव विकसित कीजिए।

**बी.ई.एस.–124 : पाठ्यचर्या पर्यन्त भाषा**

1. कक्षाकक्ष अन्तःक्रिया किस प्रकार भाषा अधिगम की ओर ले जाती है? विभिन्न प्रकार की कक्षाकक्ष अन्तः क्रियाओं की परिचर्चा कीजिए।

2. 'भाषा अधिगम का आधार है'। अपने विशिष्ट शास्त्र में जिसको कि आप पढ़ायेंगे, भाषा–अधिगम में सहायता करने के लिए आप जिन युक्तियों/रणनीतियों का प्रयोग करेंगे, उनके उदाहरण लेकर इस कथन का सविस्तार प्रतिपादन कीजिए।
3. स्व–आकलन और सहपाठीकृत आकलन में क्या अन्तर है ? माध्यमिक स्तर पर आप के द्वारा पढ़ाये जा रहे विषय में लेखन–कार्यों के स्व–आकलन के लिए एक रूब्रिक (Rubric) विकसित कीजिए।

**बी.ई.एस.–125 : शास्त्रों एवं विषयों की समझ**

1. एक शास्त्र की विशिष्टताओं और लक्षणों की व्याख्या कीजिए। शास्त्र के विभिन्न रूपों को उपयुक्त उदाहरणों द्वारा स्पष्ट कीजिए।
2. कला और शिल्प शिक्षा, कार्य शिक्षा और शान्ति–शिक्षा के विशेष सन्दर्भ में विद्यालय पाठ्यचर्या में ज्ञान के विशिष्ट क्षेत्रों को शामिल करने के लिए युक्तियों/रणनीतियों का समीक्षात्मक विश्लेषण कीजिए।
3. शिक्षार्थियों के वर्गों/शाखाओं (स्ट्रीम) और विषयों के चयन को निर्धारित करने वाले कारकों का समीक्षात्मक विश्लेषण कीजिए।

**बी.ई.एस.–141 : विज्ञान शिक्षण**

1. माध्यमिक स्तर पर विज्ञान पाठ्यचर्या में नवीन प्रवृत्तियों की परिचर्चा कीजिए। अपने उत्तर को उपयुक्त उदाहरणों द्वारा पुष्ट कीजिए।

2. आप विज्ञान में आकलन–सूचकों की पहचान और गठन/विकास किस प्रकार करेंगे ? माध्यमिक स्तर पर विज्ञान के लिए एक आकलन उपकरण की उदाहरण के सहायता से व्याख्या कीजिए।

3. माध्यमिक स्तर की विज्ञान पाठ्यपुस्तक से अपनी रूचि का एक प्रकरण चुनिये और 5–ई उपागम पर आधारित एक विस्तृत पाठ योजना विकसित कीजिए।

**बी.ई.एस.–142 : सामाजिक विज्ञान शिक्षण**

1. सामाजिक विज्ञान के अर्थ और प्रकृति की व्याख्या कीजिए। सामाजिक विज्ञान–शिक्षण के उपागमों की संक्षेप में व्याख्या कीजिए।

2. माध्यमिक स्तर पर भूगोल शिक्षण के मुख्य उद्देश्य क्या हैं ? उन उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए भूगोल शिक्षण हेतु आप किन विधियों का प्रयोग करेंगे ? सोदाहरण वर्णन कीजिए।

3. माध्यमिक विद्यालय पाठ्यचर्या से अपनी पसन्द के किसी शीर्षक की पहचान कीजिए। शिक्षण–अधिगम के रचनावादी उपागम का प्रयोग करते हुए उस शीर्षक पर एक पाठ योजना तैयार कीजिए।

**बी.ई.एस.–143 : गणित शिक्षण**

1. गणित में समस्या–समाधान कौशल क्या है? गणितीय समस्याओं से निपटने में समस्या–समाधान प्रक्रिया में शामिल कदमों की परिचर्चा कीजिए।

2. गणित–अधिगम के आकलन के विविध उपकरण और तकनीकें कौनसी हैं ? गणित में आकलन के लिए किन्हीं तीन उपकरणों की सोदाहरण परिचर्चा कीजिए।

3. इकाई योजना में संकल्पना मानचित्रण (कान्सेप्ट मैपिंग) के प्रयोग से आप क्या समझते हैं ? माध्यमिक स्तर गणित से एक इकाई का चयन कीजिए और चयनित इकाई पर संकल्पना मानचित्रण के माध्यम से एक इकाई योजना विकसित कीजिए।

**BES144 PEDAGOGY OF ENGLISH**

1. Are the strategies used by learners actively engaged in the construction of knowledge? As a teacher how will you support these strategies?
2. Discuss the ways in which the teacher can create a natural learning environment for the development of writing skills. Give examples to substantiate your answer.
3. What is the difference between pre-listening, while -listening and post-listening activities? Set up one activity to test each of these stages.

**बी.ई.एस.–145 : हिन्दी भाषा शिक्षण**

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर (प्रत्येक लगभग 500 शब्दों में) दीजिए।

1. कहानी शिक्षण का महत्त्व तथा प्रयोजन स्पष्ट करते हुए कहानी शिक्षण की प्रक्रिया का वर्णन कीजिए।
2. हिन्दी भाषा शिक्षण की पाठ्य पुस्तकों का महत्त्व बताते हुए, एक अच्छी पाठ्यपुस्तक के गुण बताइये।
3. उपचारात्मक शिक्षण के आधारभूत सिद्धान्त क्या हैं? माध्यमिक स्तर पर हिन्दी पाठ्यक्रम की किसी विषय-वस्तु पर उपचारात्मक शिक्षण की एक पाठ–योजना तैयार कीजिए।